हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 1 नवंबर 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नगर में मनाई गई लौह पुरुष की जयंती, आयरन...



07 कलेक्टर ने किया हैदरगढ़ में निरीक्षण लापरवाह...





## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-5050
सरसों
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6800
चना
न्यूनतम भाव-4550
उच्चतम भाव- 5515
मसूर
न्यूनतम भाव-4680
उच्चतम भाव-7500
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5280
मक्का
न्यूनतम भाव- 850
उच्चतम भाव- 2160
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3199
धान
न्यूनतम भाव-500
उच्चतम भाव-2977
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2341
उच्चतम भाव-3350
बटरी
न्यूनतम भाव- 2845
उच्चतम भाव- 4040
मूंग
न्यूनतम भाव- 3500
उच्चतम भाव-6130

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 19935 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# किराना व्यापार संघ का अन्नकूट संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी किराना व्यापार संघ द्वारा लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम स्टेशन रोड स्थित पुखराज होटल में आयोजित किया गया। जिसमें सर्व प्रथम लक्ष्मी माता का पूजन, अभिषेक, आरती और खाताबही कलम का पूजन किया गया। इस अवसर पर किराना व्यापार संघ के वयोवृद्ध वरिष्ठ व्यापारियों का श्रीफल पुष्पहार तिलक लगाकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात कक्षा 10th और 12th क्लास के मेधावी विद्यार्थियों तथा गायन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का भी किराना संघ द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस मौके पर लक्ष्मी पूजन के लिए उपस्थित पंडित मुन्नालाल शास्त्री द्वारा संचालित महर्षि भृगु संस्कृत विद्यालय को अन्न सामग्री और धनराशि का सहयोग प्रदान करने की स्वीकृति सभी किराना व्यापारियों द्वारा दी गई। इस मौके पर किराना संघ के वरिष्ठ व्यापारी सतपाल तनवानी, शांतिप्रकाश ओसवाल, नरसिंहराय, मनोहर लाल अग्रवाल, मोहित समैया, ओम प्रकाश गुप्ता, रामेश्वर नेमा, प्रमोद जैन, मनोज डागा, सतीश महेश्वरी, मुकुल जैन, मनीष पाठक, राजेंद्र जैन, प्रकाश वाधवानी, राकेश चौरसिया, विशाल तनवानी, आकाश माहेश्वरी, प्रशांत साहू, सचिन जैन, पवन जैन, रामसिंह जाट, संजीव चौरसिया, रोहित जैन, संजय नेमा, विवेक अग्रवाल, नीरज बड़कुल, अमित साध्य, आशीष शुक्ला सहित किराना संघ के समस्त व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन किराना संघ अध्यक्ष वीरेंद्र जैन रूचीला ने किया एवं कार्यक्रम का आभार मंत्री नीलेश जैन ने व्यक्त किया। कार्यक्रम उपरांत सभी व्यापारियों ने अन्नकूट में प्रसादी ग्रहण की।

## गुरु नानक जयंती से पूर्व खत्री समाज निकाल रहा संकीर्तन प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरु नानक देव की जयंती से पूर्व नगर में प्रभात फेरी संकीर्तन यात्रा प्रतिदिन निकली जा रही है। सिख मोहल्ला स्थित गुरुद्वारे से अरदास के साथ ही प्रातः 5:30 बजे से प्रभात फेरी प्रारंभ हो जाती है, जो नगर की गलियों में भ्रमण कर वापस गुरुद्वारे पर समाप्त होती है। खत्री समाज के अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने बताया कि गुरु नानक जयंती के आयोजन से पूर्व खत्री समाज द्वारा गुरुद्वारे से प्रतिदिन संकीर्तन प्रभात फेरी निकालने की परंपरा है। सिक्ख मौहल्ला में नगर का सबसे प्राचीन गुरुद्वारा होने के कारण यहां गुरबाणी का पाठ नियमित रूप से किया जा रहा है। साथ ही प्रकाश उत्सव मनाने के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है समाज के सभी लोग प्रातः 5 बजे एकत्रित होकर प्रभात फेरी की तैयारी शुरू कर देते हैं। गुरुद्वारे से शुक्रवार को सुबह 5,30 बजे प्रभात फेरी प्रारंभ हुई जो मुख मार्गों से होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंची। प्रभात फेरी में कीर्तन करने के बाद गुरुद्वारे पर अरदास की गई जिसमें समाज की सभी महिलाएं, बच्चे व पुरुषों ने उत्साह से भाग लिया।

### सेंट एसआरएस स्कूल, कांग्रेस कार्यकर्ता व कुर्मी समाज के लोग हुए शामिल

# नगर में मनाई गई लौह पुरुष की जयंती, आयरन लेडी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा










शुक्रवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने बच्चों को बताया कि सरदार पटेल की निर्णय क्षमता के कारण ही आज हम राष्ट्रीय एकता दिवस मना पा रहे हैं। आजादी के बाद देश के समक्ष ऐसे हालात पैदा हुए थे कि कई रियासतों ने भारत में विलय से इंकार कर दिया था, तब देश के गृहमंत्री के रूप में सरदार पटेल ने अपनी सूझबूझ और दृढ़ इच्छा शक्ति से वर्तमान भारत के नक्शे को पूरा किया।

2014 में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था क्योंकि उन्होंने आजादी के बाद 562 रियासतों को एक सूत्र में बांधकर असंभव कार्य को भी संभव कर दिया था। इसलिए आज राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उनकी जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल के बचपन से लेकर उनके उप प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने बताया 16 प्रांतों में से 13 प्रांतों के प्रतिनिधियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट किया था, लेकिन कतिपय परिस्थितियों के कारण गांधी ने जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री बनाया। इस अवसर पर छात्रा खुशी अहिरवार ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि होने के कारण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, एनएसएस बालक इकाई प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान सहित स्कूल का स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं मील रोड स्थित ब्लॉक कांग्रेस भवन में देश के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि एवं लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती मनाई गई। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, विकास शर्मा ,सत्य प्रकाश सेन, सुनील बाबू पिंगले, कृष्ण मोहन शर्मा, जवाहर सिंह रघुवंशी, जगदीश व्यास, राहुल ठाकुर, राजकुमार सेन, विष्णु प्रसाद शर्मा, बीडी शर्मा, सुजीत सराठे, हरीश भावसार सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं त्योंदा में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती अखिल भारतीय कुर्मी समाज के लोगों द्वारा मनाई गई। जिसमें अखिल भारतीय कुर्मी समाज के अध्यक्ष नेतराम कुर्मी, रामबल कुर्मी, रोहित कुर्मी, मुकेश पटेल, रोहित कुर्मी, भारत कुर्मी, सौरभ कुर्मी, अमित कुर्मी, गणेशराम कुर्मी सहित ग्राम गुदावल एवं त्योंदा क्षेत्र अखिल भारतीय कुर्मी समाज के लोग मौजूद थे। जिन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर फूल माला अर्पित की।

## संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में दिव्यांश मालवीय का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग खेल कूद प्रतियोगिता में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्र दिव्यांश मालवीय बी.ए. प्रथम वर्ष का चयन 80 किलोग्राम वजन वर्ग में संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया। महाविद्यालय खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने बताया कि जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 15 अक्टूबर को शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज में आयोजित की गई थी। जिसमें छात्र ने अपने कौशल और दांव पेंच से प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। जिससे उनका चयन संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 1 नवंबर को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में आयोजित की जाएगी। जिसमें महाविद्यालय के छात्र विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर इंद्रा दुबे, उप प्राचार्य डॉक्टर पीयूष दुबे, विधि विभाग प्रभारी आरआर द्विवेदी सहित समस्त प्राध्यापकगण, कार्यालयीन स्टाफ, लेखापाल, ग्रंथपाल ने शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### रामरतन सेन बने संगठन के प्रदेशाध्यक्ष



**गंज बासौदा।** सेन समाज विकास संगठन की मध्यप्रदेश राज्य कोर कमेटी के निर्णय एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट डी.एस. राजौरिया की अनुशंसा पर रामरतन सेन निवासी वार्ड क्रमांक 8 अयोध्या बस्ती वेदनखेड़ी गंज बासौदा को संगठन का मध्यप्रदेश प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर संगठन के पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। समाजजनों ने सेन को बधाई देते हुए उनके उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड डीएस राजौरिया ने कहा कि सेन का अनुभव एवं समर्पण संगठन को नई दिशा प्रदान करेगा। वहीं स्थानीय स्तर पर समाज के लोगों ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने पद की गरिमा के अनुरूप समाज के सर्वांगीण विकास, एकता एवं विस्तार के लिए निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करेंगे। नवीन दायित्व मिलने पर सेन समाज विकास संगठन सहित शुभचिंतकों ने सेन को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### ई रिक्शा चालकों से वाहन चालक व राहगीर परेशान



**गंज बासौदा।** नगर में संचालित हो रहे ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से पैदल राहगीर, दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि नगर में दिनों दिन ई रिक्शा की संख्या बढ़ रही है, जिन्हें नाबालिग भी तेज गति से चला रहे हैं, ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी न होने के कारण आए दिन वाहन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। शुक्रवार को शाम के समय भी बरेठ रोड पर बाइक चालक को एक ई रिक्शा चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गए। बताया जाता है कि ई रिक्शा चालक ने अचानक से रिक्शा मोड़ दिया जिसका पिछला हिस्सा बाइक के लेगगार्ड से टकरा गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई तथा सवार भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जब तक बाइक चालक उठते तब तक ई रिक्शा चालक वाहन लेकर भाग खड़ा हुआ। इसके अलावा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भी ई रिक्शा के कारण यातायात अव्यवस्था उत्पन्न होती है और रेल प्रशासन द्वारा समय समय पर कार्रवाई भी की जाती है, इसके बावजूद स्टेशन क्षेत्र और नगर के अन्य मार्गों पर ई रिक्शा के कारण यातायात अव्यवस्था थमने का नाम नहीं ले रही है। नगर के जागरूक नागरिकों ने स्थानीय प्रशासन से ई रिक्शा चालकों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### तीन दिवसीय प्रवचन 5 से 7 नवंबर तक

**गंजबासौदा।** तीन दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन 5 से 7 नवंबर तक मानस भवन में होंगे। प्रवचन दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक चलेंगे। आयोजन रामायण मंडल ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। प्रवचन साकेत वासी शंकराचार्य सत्य मित्रानंद महाराज की कृपा पात्र शिष्या प्रज्ञा भारती पंछी देवी भारत माता मंदिर हरिद्वार और नौलखी खालसा के श्री महंत राम मनोहर दास देंगे।


### 12 ज्योतिर्लिंग स्थापना पर होगा 51 कुंडीय शिव महायज्ञ




**गंजबासौदा।** ग्राम हतोड़ा बालाजी हनुमान मंदिर में 8 से 14 मई 2026 तक 51 कुण्डीय शिव मारुति महायज्ञ और शिव कथा का आयोजन होगा। उक्त आयोजन 12 ज्योतिर्लिंग की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए किया जा रहा है जिसमें कथा व्यास पंडित प्रदीप मिश्रा होंगे। मंदिर प्रमुख राजा महाराज ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर सीहोर में पंडित प्रदीप मिश्रा से चर्चा की गई। उन्होंने कथा के लिए स्वीकृति दे दी है। महायज्ञ के आचार्य पंडित केशव शास्त्री होंगे। आयोजन के दौरान बालाजी धाम पर 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए आचार्य रवि कृष्ण महाराज, तंत्र आचार्य मनीष शर्मा, लखन बघेल ने पंडित प्रदीप मिश्रा से से चर्चा की। तत्पश्चात उनकी सहमति के बाद आयोजन की तिथि तय की गई।

### कंजना पठार स्थित नई मंडी के पास शुक्रवार रात हुआ हादसा

# ट्रक की टक्कर से गाय की मौत, ट्रक किया जब्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार की शाम को कंजना पठार स्थित नई मंडी के सामने एक ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक गाय को टक्कर मार दी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि गाय की मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच कुछ लोगों ने ट्रक को मंडी के अंदर खड़ा करवा लिया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने गाय के शव को हटवाया और ट्रक को अपनी अभिरक्षा में ले लिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 5999 पूरी तरह सामान से लदा हुआ नई मंडी के सामने बासौदा बरेठ मार्ग से गुजर रहा था, ट्रक की रफ्तार तेज थी और तभी मुख्य मार्ग पर खडी एक गाय से ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाय को टक्कर लगने के बाद लोगों ने ट्रक को रूकवा लिया और डायल 112 को सूचना दी। पुलिस के आने तक कुछ व्यापारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने ट्रक को मंडी परिसर के अंदर खडा करवा लिया। जबकि मौके पर पहुंची पुलिस ने सबसे पहले दुर्घटना में मृत गाय के शव को जेसीबी की मदद से मौके से हटवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाय की मौत के बाद भी संवेदना न दिखाते हुए लोगों ने पहले ट्रक को मंडी के अंदर ले जाने में तत्परता दिखाई। हांलाकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 5999 को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। इस बारे में कोतवाली टीआई संजय बेदिया ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और गाय के शव को बरामद कर टक्कर मारने वाले ट्रक को जब्त कर अपनी अभिरक्षा में ले लिया गया है। ट्रक को थाने लाया जाएगा और इस मामले में प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



एसजीएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता के नेतृत्व में महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस दिन का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के महत्व को याद दिलाना है। इसलिए 31 अक्टूबर 2025 को सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय में सर्वप्रथम राष्ट्रीय एकता की शपथ प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार द्वारा दिलवाई गई। इसके पश्चात मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता के प्रति भावना स्पष्ट की गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ में डॉ सरिता घेंघट, डॉ बीके प्रजापति, डॉ बिदेश शुक्ला, डॉ मनीष दुबे, अभिषेक सिंह, घनश्याम चौकसे, डॉ विकास, भावना रघुवंशी, डॉ आयुष डॉ सबिया मंसूरी, डॉ सुनीता ठाकुर सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी भागीदारी की। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुनील पाटीदार द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं सरदार वल्लभभाई पटेल पर व्याख्यान दिया गया तथा यह समझाने का प्रयास किया कि सरदार पटेल का भारत के एकीकरण में क्या योगदान रहा। इस मौके पर महाविद्यालय के विद्या वन में प्राचार्य द्वारा पौधारोपण किया गया। एनसीसी के कैडेट्स द्वारा एलबीएस महाविद्यालय द्वारा आयोजित मैराथन में भी भागीदारी की गई।

## नगरपालिका सफाई अमले ने की शौचालयों की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेश अनुसार निकाय क्षेत्र के शौचालयों का साफ सफाई का अभियान चलाया गया। इस अवसर नपा स्वास्थ्य निरीक्षक आरके नेमा के नेतृत्व में नगरपालिका सफाई अमले द्वारा अनेक शौचालयों की साफ, सफाई कर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

## खबर संक्षेप

### खाटू श्याम जन्मोत्सव पर विशेष श्रृंगार और भजन संध्या आज

**विदिशा।** देव उठानी एकादशी एवं श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर श्याम मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। एकादशी पर बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार कोलकाता से आए फूलों से किया जाएगा। श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष घनश्याम बंसल ने बताया कि सुबह 11 बजे छप्पन भोग एवं संवामनी का भोग लगाया जाएगा। भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर सुबह 7 बजे से रात 12 बजे तक दर्शनार्थ खुला रहेगा। केवल दोपहर 3 से 4 बजे तक सफाई के लिए पट बंद रहेंगे। शाम 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। कोलकाता के भजन गायक राजू मेहरा और जलगांव (महाराष्ट्र) से उज्ज्वला वर्मा श्याम भजनों की प्रस्तुति देंगी।

### स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में रोमांचक मुकाबले




**विदिशा।** चौथी मिनी एवं 59वीं सब-जूनियर मध्य प्रदेश बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 के चौथे दिन स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के इंडोर कोर्ट पर खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने माहौल को रोमांचित कर दिया। 1 नवम्बर को मप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, सचिव अनिल चोघले, सदस्य अमरीश नाटकर एवं अमित कुलकर्णी प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित रहेंगे। वे आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिसंबर के लिए मध्य प्रदेश टीम का चयन करेंगे।

### बाल विवाह रोकने जागरुकता कार्यक्रम

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विनिता लोढा कांसवा के निर्देशन में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआखेड़ी एवं पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल अटारीखेजड़ा में बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में छात्रों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के नियमों व दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। बाल विवाह रोकथाम हेतु सूचना तंत्र के गठन की प्रक्रिया समझाई गई और बच्चों को बाल विवाह न करने व रोकने की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जिनके उत्तर प्रभारी मुकेश ताम्रकार ने दिए।

### लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई

**कुरवाई।** शुक्रवार को भारत के प्रथम ग्रहमंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती कुरवाई विधायक कार्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायक हरि सिंह सप्रे अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने कहा कि आज का भारत जिस मजबूती से खड़ा है, उसका श्रेय सरदार पटेल जैसे महान नेताओं को जाता है। विधायक सप्रे ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी अद्भुत संगठन क्षमता और दृढ़ संकल्प के बल पर देश की 562 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत का निर्माण किया। सरदार पटेल का जीवन देशभक्ति, त्याग और एकता की प्रेरणा देता है।

### पार्टी ने अनुशासन की कमान फिर भगवत सिंह राजपूत को सौंपी

**विदिशा।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश अनुशासन समिति का गठन करते हुए विदिशा के वरिष्ठ नेता



भगवत सिंह राजपूत को पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया है। समिति में इंदौर से राष्ट्रीय प्रवक्ता पीयूष जोशी, शिक्षाविद् संजीव वैध, भोपाल से पूर्व पुलिस अधिकारी एम.एस. खान और रीवा से फाउंडर मेंबर पूर्णानंद तिवारी को सदस्य बनाया गया है। यह समिति भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों पर निगरानी रखेगी तथा आवश्यक कार्रवाई करेगी।

---

### संवाद कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया

# कलेक्टर ने किया हैदरगढ़ में निरीक्षण लापरवाह अधिकारियों को लगाई फटकार

**हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा**

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को हैदरगढ़ क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर विभागों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।

इस दौरान उनके साथ एसडीएम शशि मिश्रा एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। एक महिला मरीज ने शिकायत की कि प्रसूता महिलाओं को हैदरगढ़ से सीधे ग्यारसपुर रेफर कर दिया जाता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इस पर कलेक्टर ने बीएमओ को सेवाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए।

इसके बाद कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, जहां कार्यकर्ता उपस्थित

**महिला बाल विकास अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश**



**विदिशा।** निरीक्षण के दौर लापरवाही करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

मिलीं लेकिन बच्चों का वजन नहीं लिया जा रहा था। टीवी सेट भी बंद पाया गया। इस पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने महिला बाल विकास अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। कलेक्टर गुप्ता ने कन्या प्राथमिक शाला में छात्राओं से संवाद किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय में जनसुनवाई कर ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और तत्काल समाधान के निर्देश दिए। सीसी सड़कों पर नालियों का पानी भरने की शिकायत पर सरपंच और सचिव को सुधार कार्य शीघ्र कराने के आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, सरपंच, सचिव एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनसेवाओं की गुणवत्ता में सुधार प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**भवन को 15 दिन में गिराने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पीएम श्री माध्यमिक शाला का भी निरीक्षण किया और भवन की जर्जर स्थिति पर नाराजगी जताते हुए उसे 15 दिन में गिराने के निर्देश दिए। उन्होंने बरवाई गौशाला पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने में लापरवाही मिलने पर उन्होंने ठेकेदार पर 10 हजार का जुर्माना लगाने और जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने सिंचाई परियोजना से संबंधित बांध संशोधन की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

---

# शमशाबाद पुलिस ने चोरी गई कार बरामद की, आरोपी अब भी पुलिस पहुंच से दूर

**90 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, 22 तारीख को गंजबसौदा के बसस्टैंड के पास मिली कार**




**विदिशा।** चोरी गई कार को खोलकर शमशाबाद पुलिस ने किया खुलासा।

**हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा**

शमशाबाद पुलिस ने चोरी हुई बेगनआर कार को बरामद कर लिया है। 19 अक्टूबर को फरियादी हीरालाल साहू निवासी भगवानपुर रोड, शमशाबाद ने थाना शमशाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात में अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और पेंट में रखी कार की चाबी चोरी कर ली तथा बाहर खड़ी बेगनआर कार को चुरा ले गए। इस पर थाना शमशाबाद में मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस टीम ने करीब 90 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी विश्लेषण के बाद सुराग मिलने पर पुलिस ने 22 अक्टूबर को गंजबासोदा बस स्टैंड के पास से चोरी की गई बेगनआर कार बरामद कर ली। वाहन पर मिले फिंगरप्रिंट्स और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा चुकी है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

---

### मारपीट करने वाले दो आरोपियों को एक वर्ष का सश्रम कारावास

**विदिशा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नंदिनी शुक्ला की अदालत ने मारपीट के मामले में आरोपियों कमलसिंह लोधी (52) निवासी गुनोठा एवं सरदार सिंह (45) निवासी लाहोरी, जिला विदिशा को धारा 325/34 भादंवि के तहत दोषी पाते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला चनखरा वाले खेत के हिस्से को लेकर हुए विवाद से संबंधित है। विवाद के दौरान आरोपी कमलसिंह ने फरियादी और उसके पुत्र राजकुमार से मारपीट की तथा मोबाइल तोड़ दिया था। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना हैदरगढ़ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। प्रकरण की पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा ने की।

## मप्र स्थापना दिवस कार्यक्रम आज विधायक टंडन होंगे मुख्य अतिथि

**विदिशा।** मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर आज शनिवार को पुलिस परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय



समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8:30 बजे से होगा।

इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में झंडा वंदन, राष्ट्रगान, मध्यप्रदेश गान, मुख्य अतिथि का संबोधन, शुभकामना संदेश एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सहित राज्य की विकास यात्रा से जुड़ा प्रदर्शन भी किया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर प्रदेश के गौरव, संस्कृति और विकास यात्रा का उत्सव मनाने का आह्वान किया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1956 में नवगठित राज्य के रूप में अस्तित्व में आए मध्यप्रदेश ने बीते वर्षों में विकास के अनेक मापदंड स्थापित किए हैं। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पूरे जिले में देशभक्ति और उत्साह का वातावरण व्याप्त है।

**गुलाबगंज कृषि उपज मंडी में फसल की बंपर आवक:** गुलाबगंज। दो दशक बाद गुलाबगंज कृषि उपज मंडी में प्रति शुक्रवार नीलामी कार्य शुरू होने से इस सप्ताह किसानों में उत्साह देखा गया। शुक्रवार को 200 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व अन्य वाहनों में सोयाबीन, धान और गेहूं की बंपर आवक हुई, जिससे पूरा मंडी परिसर भर गया। सोयाबीन की नीलामी 4100 से 4550 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर हुई। देर शाम तक नीलामी और अनाज की तुलाई का कार्य जारी रहा।

## नपा में हंगामा: पार्षद पति पर राजस्व अधिकारी से अभद्र व्यवहार का आरोप

- कर्मचारी प्रदीप राजावत ने पहले घटना की पुष्टि की। बाद में इसे गलतफहमी बता बयान बदले।

**हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा**

नगरपालिका में शुक्रवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया। जब वार्ड 23 की पार्षद लीना कुशवाह के पति जमना कुशवाह और राजस्व विभाग प्रभारी प्रदीप राजावत के बीच तीखी बहस के बाद गाली-गलौज की नौबत आ गई। घटना की जानकारी लगते ही नगर पालिका के समस्त कर्मचारी विरोध में एकजुट हो गए और काम रोककर कार्यालय के बाहर नारेबाजी शुरू कर दी।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पार्षद पति द्वारा अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार किया गया है और वे प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने कर्मचारियों के साथ थाने पहुंचकर पार्षद पति के खिलाफ आवेदन देने की बात कही। वहीं कर्मचारी प्रदीप राजावत ने प्रारंभ में घटना की पुष्टि की थी, लेकिन बाद में इसे गलतफहमी बताते हुए अपने बयान में नरमी बरती। जिससे कर्मचारियों में असंतोष देखा गया। मामले को लेकर नगरपालिका में दिनभर तनाव का माहौल बना रहा।



**विदिशा।** नपा में हुए विवाद के बाद जानकारी लेते हुए नपा सीएमओ दुर्गेश ठाकुर।

### सिरोंज के सर्राफा व्यापारियों ने एसपी से की टीआई की शिकायत

**विदिशा।** सिरोंज के सर्राफा व्यापारियों ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा और सिरोंज टीआई विमलेश राय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि एक चोरी के मामले में पुलिस ने आधी रात को उन्हें बेवजह परेशान किया और जबरन पूछताछ के लिए थाने बुलाया, जबकि संबंधित गहने वैध रूप से गिरवी रखे गए थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने गिरवी रखे गहनों को चोरी का माल बताकर जप्त कर लिया, जिससे व्यापारियों में आक्रोश है। सर्राफा व्यापारियों ने कहा कि टीआई द्वारा रिश्वत की मांग नहीं की गई, परंतु उनके व्यवहार से व्यावसायिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश सोनी ने एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

---

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत

**अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

**हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा**

जिले में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे ने चार मासूम बच्चों से उनके माता-पिता का साया छीन लिया।

हादसे में लालाखेड़ी निवासी घासीराम प्रजापति (35) और उनकी पत्नी पूजा (30) की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते शहर में लगे ट्रैफिक जाम के कारण एंबुलेंस देर से अस्पताल पहुंची, जिससे घासीराम की मौके पर ही जान चली गई और पत्नी पूजा ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दंपती गुरुवार रात मामा के घर मूंदड़ा से बाइक पर लौट रहे थे। पालकी के पास एक अज्ञात चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

**परिजन बोले: डेढ़ घंटे तक जाम में फंसी रही एंबुलेंस इसलिए गई दोनों की जान**

हादसे में दोनों महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी और दोनों को विदिशा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। परिजनों का कहना है कि एंबुलेंस करीब डेढ़ घंटे तक ट्रैफिक में फंसी रही। समय पर अस्पताल पहुंचने में हुई देरी ने घासीराम और पूजा की जिंदगी छीन ली। घासीराम मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे और दो महीने पहले ही नई बाइक खरीदी थी। उनके पीछे तीन बेटियां और एक बेटा रह गए हैं। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, वहीं अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व लौह पुरुष सरदार पटेल को जिला कांग्रेस कमेटी ने दी श्रद्धांजलि



**विदिशा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

**हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा**

भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रताप भानुशर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। सरदार पटेल के अद्वितीय नेतृत्व से भारत एक सूत्र में बंध सका।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि युवा पीढ़ी को इन दोनों महान नेताओं के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि पटेल की दूरदृष्टि और इंदिरा गांधी का साहस भारतीय राजनीति के दो स्तंभ हैं। वहीं प्रियंका किरार ने कहा कि इंदिरा गांधी महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रतीक थीं। कार्यक्रम का संचालन रामराज दांगी ने किया एवं आभार राजकुमार पासी ने व्यक्त किया। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने दी।

## वनविभाग के अमले ने किया ई- अटेंडेंस लगाने का विरोध

**कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**



**हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा**

मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने वन विभाग के मैदानी अमले पर ई-अटेंडेंस सिस्टम थोपे जाने का विरोध किया है। शुक्रवार को संघ के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

संघ के तहसील अध्यक्ष विपुल बाबू शर्मा ने बताया कि वन विभाग का मैदानी अमला 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहता है और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्यस्थल पर पहुंच जाता है। ऐसे में सुबह 9 से रात 9 बजे तक की निर्धारित अटेंडेंस प्रणाली उनके कार्य की प्रकृति के विपरीत है। संघ ने मांग की है कि वन विभाग के मैदानी कर्मचारियों को ई- अटेंडेंस सिस्टम से मुक्त रखा जाए। ज्ञापन में इस आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की अपील की गई है।

---

**राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया**

# आईजी ने दिलाई एकता की शपथ: सरदार पटेल जयंती पर कहा: एकता और भाईचारा की भावना को मजबूत करना है

**हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा**

राष्ट्रीय एकता दिवस और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव पर शुक्रवार को विदिशा में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन हुआ। जिला मुख्यालय सहित सभी थाना क्षेत्रों में एकता दौड़ और संगोष्ठियां आयोजित की गईं।

एसएटीआई कॉलेज में पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन अभय सिंह और विधायक मुकेश टंडन ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत कराई। लगभग 3 किलोमीटर तक चली इस दौड़ में आईजी, एसपी, प्रशासनिक अधिकारी, एनसीसी-एनएसएस, स्काउट-गाइड के सदस्य और कई स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिले भर में आयोजित कार्यक्रमों में



कुल एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर एकता का संदेश दिया। आईजी अभय सिंह ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से जुटा जनसहभागिता देश की एकता के प्रति समर्पण दर्शाती है।

**नेताओं व अधिकारियों ने साझा किया संदेश**

विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि सरदार पटेल ने बिखरी रियासतों को एकजुट कर देश की नींव मजबूत की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उसी योगदान को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे देश में स्मरण किया जा रहा है। एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ जागरूक रहना भी देशभक्ति है, क्योंकि देश के दुश्मन युवाओं को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं।

### विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने किया रक्तदान

**विदिशा।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल विदिशा द्वारा हुतात्मा दिवस के अवसर पर शहीद कोठारी बंधुओं की स्मृति में जिला चिकित्सालय में रक्तदान एवं रक्त प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 10 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कोठारी बंधु 30 अक्टूबर 1990 को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान शहीद हुए थे। उनके बलिदान को नमन करते हुए बजरंग दल देशभर में रक्तदान शिविर आयोजित करता है। विदिशा शिविर में श्रवण चौधरी, अभिषेक व्यास, देव गुप्ता, ईशांत तिवारी, सौरभ कुशवाह, सुरेन्द्र कुशवाह, महेन्द्र मयंक मेहर, राजकुमार राजपूत व राज यादव ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला संयोजक सपन सिंह दिलेरिया, जिला गोरक्षा प्रमुख सुरेन्द्र कुशवाह, नगर संयोजक मयंक मेहर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने एवं देशवासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने की शपथ दिलाई

# रन फॉर यूनिटी : लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव पर एकता के लिए लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर शहर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ एवं रन फोर यूनिटि कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी पंकज पांडे, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा एएसपी कमलेश कुमार द्वारा माल्यार्पण किया।

इसके उपरांत कलेक्टर ने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने, अपने देशवासियों के बीच राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने का हर संभव प्रयास करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही अपने देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए अपना योगदान करने का भी संकल्प दिलाया।




इसके पश्चात रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं तथा छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। रन फॉर यूनिटी दौड़ नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए खेल स्टेडियम में समाप्त हुई। इस अवसर पर अनेक विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस जवान और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

### सरदार पटेल की जयंती पर दौड़ में उमड़ा जनसैलाब

## एकता के पथ पर दौड़ा सिलवानी नगर

**सिलवानी।** देश की एकता, अखंडता और अमर राष्ट्रनायक सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में शुक्रवार को नगर में उत्साह और देशभक्ति का माहौल छाया रहा। लौहपुरुष पटेल की 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एसडीओपी अनिल मौर्य द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाने के साथ हुई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस भारत के सपने को एकता के सूत्र में पिरोया, उसे साकार बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित लोगों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा समाज में सद्भाव और भाईचारे का संदेश प्रसारित करने का संकल्प दिलाया।



एसडीओपी अनिल मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी दौड़ को रवाना किया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुआ मैराथन दौड़ का आयोजन

दीवानगंज। राष्ट्रीय एकता दिवस पर ग्राम सेमरा में मैराथन दौड़ का आयोजन किया। जिसमें पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल सेमरा के छात्र-छात्राओं और ग्राम के बच्चे सहित ग्रामीणों ने बड़े उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौड़ को रन फॉर यूनिटी के नाम से जाना जाता है और इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देना था। दौड़ में छात्रों के अलावा पुलिसकर्मी और नागरिक भी शामिल हुए। जिन्हें सेमरा सरपंच भानु लोधी, थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, चौकी प्रभारी सुनील शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ पीएमश्री शासकीय स्कूल सेमरा से प्रारंभ हुई जो भोपाल विदिशा हाईवे 18 तक पहुंचने के बाद वापस स्कूल पहुंची।

### कृषि वैज्ञानिकों ने दी सलाह- किसान जरूरत अनुसार करें खाद का उपयोग

# रबी फसल की बोवनी में जुटे जिले के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में रबी सीजन की फसलों की बोवनी को लेकर किसानों द्वारा फसलों की बोवनी की तैयारियां शुरू होने लगी है। खेतों में बखरनी के अलावा कहीं-कहीं पलेवा का काम भी शुरू हो गया है।

रबी सीजन की शुरूआत के साथ ही जिले भर में बुआई का काम जोरों पर है। किसान खेतों की जुताई के साथ ही बुआई में लगे हैं। कई जगह चना के पौधे अंकुरित होने लगे हैं। वहीं अब गेहूं की बुआई भी किसानों ने शुरू कर दी है। ऐसे में रबी सीजन में बुवाई को लेकर कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वप्निल दुबे ने बताया कि वर्तमान में किसान यूरिया खाद का बहुत प्रयोग कर रहे हैं। इसकी बजाए नैनो यूरिया और अन्य उवर्रक भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं। उवर्रकों का प्रयोग संतुलित मात्रा में ही सही रहता है। यदि संतुलन बिगड़े तो नुकसान भी कर सकता है। बीज उपचार कर बुआई सुरक्षित होती है। किसान मन से कोई भी उवर्रक खेतों में न डाले।



**सलाह : रासायनिक खाद की जगह गोबर की खाद, वर्मी कपोस्ट या जैविक खाद का उपयोग करें**

*मिट्टी का परीक्षण कराकर ही किसान नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश की मात्रा तय करें। जिंक सल्फेट आदि का प्रयोग कर कमी की पूर्ति की जा सकती है। वहीं कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि रासायनिक खाद की जगह गोबर की खाद, वर्मी कपोस्ट या जैविक खाद का उपयोग करें। इससे मिट्टी की संरचना सुधरती है और लंबे समय तक खेत उपजाऊ बने रहते हैं। जिले में सबसे ज्यादा खपत यूरिया खाद की होती है. इसके बाद डीएपी खाद खाद आती है। ऐसे में कृषि विशेषज्ञ डॉ स्वप्निल दुबे ने बताया कि डीएपी खाद फसल बुवाई के समय डाला जाता है। यूरिया खाद का उपयोग लगभग 25 दिन का समय बीत जाने के बाद करें। साथ ही अधिक यूरिया खाद डालने से फसल कमजोर हो जाती है। कीट व्याधि का भी प्रकोप बढ़ जाता है।ऐसे में संतुलित मात्रा में प्रयोग करें।*

### किसान एक-दूसरे की नकल में न डाले रासायनिक खाद

उन्होंने कहा कि खाद का उपयोग अपने खेत की मिट्टी की जरूरत के अनुसार करें। कई किसान एक-दूसरे की नकल में अधिक मात्रा में रासायनिक खाद डाल रहे हैं। जिससे न केवल उत्पादन पर असर पड़ता है बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी घटती है। उरर्वकों का संतुलित मात्रा में उपयोग ही बेहतर उत्पादन और फसल के लिए लाभदायक होता है। जिला कृषि विभाग के लिए बुवाईसे पहले बीज उपचार जरूर करें।गेहूं, चना, मसूर,सरसों जैसी फसलों के बीजों के लिए फफूंदनाशक दवाओं और जैविक एजेंट से उपचारित करने पर बीज जनित रोगों से सुरक्षा मिलती है।

### इनका कहना है

वर्तमान में किसान यूरिया खाद का बहुत उपयोग कर रहे हैं। इसकी बजाय नैनो यूरिया अन्य उवर्रक विकल्प हो सकते हैं। उवर्रकों का उपयोग संतुलित मात्रा में ही सही रहता है। किसान देखा देखी कोई भी उवर्रक रसायन ना डालें। अगर जरूरत पड़े तो कृषि अधिकारियों की सलाह लें।

- **केपी भगत,** उप संचालक, कृषि विभाग

### 33 हजार हेक्टेयर में हुई रबी सीजन की बोवनी

जिले में सोयाबीन के खेत खाली होने के बाद 33 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सीजन की फसलों की बोवनी हो चुकी है। इनमें जिले की तहसील सिलवानी और गैरतगंज शामिल है। जिला कृषि विभाग में बोवनी का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिला उपसंचालक कृषि अधिकारी केपी भगत ने बताया कि इसमें विभाग द्वारा 4 लाख 31 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बोवनी होना है। जिसमें जिले में 7.63 हैक्टेयर क्षेत्र में अभी तक बोवनी हो चुकी है। जिले में फिलहाल रबी सीजन की फसलों की बोवनी गति पकड़ती जा रही है। इसमें गेहूं की बुआई लक्ष्य 280 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में होगी। इसमें 2 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बोवनी हो चुकी है। चना 10 हजार 934 हैक्टेयर क्षेत्र में से 8000 हैक्टेयर क्षेत्र में बोवनी की जा चुकी है। मसूर 34 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में से 13 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में बोवनी हो चुकी है।

## आसमान में घने बादलों का डेरा, तापमान भी हुआ कम

### मौसम की बेरुखी से धान पर बना संकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

दो दिन बारिश होने के बाद भी मौसम साफ नहीं हो रहा है। आसमान में लगातार घने बादलों का डेरा जमा रहने से पिछले दो-तीन दिनों से निरंतर तापमान नीचे आ गया है, जिससे क्षेत्र में शीत का जोर बढ़ने लगा है। वहीं गर्म कपड़ों की पूछ परख और उपयोग भी शुरू हो गया है। मौसम की बेरुखी से हजारों किसान चिंता में डूबे हुए हैं कि कैसे धान कटाई और थ्रेसिंग हो पाएगी।

बाड़ी, बरेली, उदयपुरा तहसीलों में खरीफ सीजन में मुख्य रूप से धान की खेती की जाती है। किसानों द्वारा प्रतिवर्ष लाखों क्विंटल बासमती और गैर बासमती धान का उत्पादन किया जाता है। पिछले 5, 6 दिनों से जिस प्रकार बादल छाए हुए है उससे धान की कटाई प्रभावित और विलंब हो रहा है। बारिश से भीगी और नमी युक्त धान की हार्वेस्टर से कटाई नहीं होती हाथ कटाई से धान की बालियो के साथ थ्रेसर में दाना साथ जाने से नुकसान होता है बना मौसम धान के लिए भारी नुकसानदायक बना हुआ है।

### मौसम खराब बना रहने से खेती कार्य प्रभावित

हल्की बूंदाबांदी और बादलों का डेरा रहने से पिछले चार-पांच दिनों से धूप नहीं निकली। खराब मौसम के कारण किसानों द्वारा धान की कटाई भी रोक दी है। धान की समय पर कटाई न होने से खेतों की बखरनी पलेवा और रवि फसलों गेहूं चना आदि की बोबनी में विलंब से रवि फसलों का उत्पादन भी कम होने की चिंता किसानों में बन रही है।

## कांग्रेसियों ने मनाई इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

**रायसेन।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए अपना सर्वत्र न्यौछावर कर दिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस पूर्व महामंत्री राजू महेश्वरी, हसीब हिंदुस्तानी, जावेद अहमद खान, जावेद कदीर, मलखान सिंह रावत, कमलेश कम्मु सेन, राजकुमार सेन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हाईवे पर आए दिन हो रहे हादसे

## भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर अनियंत्रित होकर पलटी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर गुरुवार शुक्रवार देर रात भोपाल से विदिशा जा रही कार क्रमांक एमपी 04 टीबी 2996 दीवानगंज पुलिस चौकी नाना ढाबा के पास अनियंत्रित होते हुए रोड से नीचे जाकर पलट गई। हालांकि कार में तीन लोग सवार थे जिनको मामूली सी चोट आई है। कार तेज रफ्तार होने के कारण के पीछे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

एक दिन पहले ही देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी थी। जिससे कार में बैठे दंपत्ती तो बाल-बाल बच गए थे। लेकिन कार बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गई थी। कार विदिशा से भोपाल की और जा रही थी सभी पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी थी।



भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। दुर्घटनाओं से रोड पर चलने वाले राहगीर अपने आप को असुरक्षित समझने लगे हैं। 40 किलोमीटर मार्ग पर 4 से 5 दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। इसके बावजूद भी एमपीआरडीसी द्वारा रोड का चौड़ीकरण नहीं किया जा रहा है, जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

### एफएसएल टीम और फिंगरप्रिंट टीम मौके पर पहुंची

## घर से भोपाल जाने की बोलकर निकला था युवक रास्ते में खुद को गोली मारकर कर ली आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शुक्रवार सुबह भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर रेलवे ओवरब्रिज के पास सड़क किनारे 26 वर्षीय युवक ने अपनी ही 12 बोर बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 9 बजे राहगीरों ने सड़क किनारे खून से लथपथ युवक का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी, चौकी प्रभारी सुनील शर्मा सहित पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। पास में ही एक बाइक और बंदूक पड़ी हुई थी। बाइक पर रखे बैग में मिले कागजातों से मृतक की पहचान 26 वर्षीय जितेंद्र पिता लखन साहू निवासी विदिशा के रूप में हुई। एफएसएल और फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी।



पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। युवक ने अपनी ही बंदूक से खुद को गोली मारी है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पंकज पांडे और एएसपी कमलेश कुमार भी मौके पर पहुंचे।

### दोनों पैरों के बीच बंदूक फंसाकर मारी थी गोली

*जीतेंद्र साहू ने सलामतपुर में रेलवे ओवरब्रिज के पास अपनी लाइसेंसी 12 बोर बंदूक को अपने दोनों पैरों में फंसाकर सीने पर रखकर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बंदूक के कवर में 6 कारतूस और रखे हुए थे और 2 कारतूस बंदूक में भी लोड थे। बताया जा रहा है कि मृतक जीतेंद्र ने एक से डेढ़ साल पहले ही बंदूक का लाइसेंस बनवाया था।*

### स्कूली छात्रों व नागरिकों ने लगाई दौड़

## सरदार वल्लभभाई की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़ का आयोजन किया गया। शुक्रवार की सुबह केरोसिन टैंक से एसडीएम कार्यालय तक मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ।

दौड़ में नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के प्रतिनिधि के रूप में पुत्र अभिज्ञान पटेल, एसडीएम संतोष मुद्गल, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, कपिल गुप्ता के साथ सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया थाना परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।



मैराथन दौड़ प्रारंभ होने से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाकर एवं हरी झंडी दिखाकर 5 किमी लंबी मैराथन दौड़ का शुभारंभ किया। दौड़ में पुलिस, राजस्व, शिक्षा विभाग के साथ नागरिकों की उपस्थिति रही।

## आज देवउठनी ग्यारस के बाद शुरू होंगे मांगलिक कार्यक्रम

### भगवान की विशेष पूजन में गन्ना फलों नए वस्त्रों का होगा अर्पण

◆ गन्ने की छाया में माता तुलसी और भगवान शालिग्राम को बैठाकर विशेष पूजन किए जाने की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

हिंदू सनातनी परिवारों में देवउठनी ग्यारस का बेसब्री से इंतजार बना रहता है। बारिश के चार महीना भगवान श्री हरि क्षीरसागर में शयन करने से हिंदू परिवारों में मांगलिक कार्य नहीं होते दीपावली बाद देव प्रबोधिनी या देवउठनी ग्यारस के बाद विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है।

मां तुलसी और भगवान शालिग्राम के विवाह की रसम सनातनी परिवारों में उत्साह के साथ मनाई जाती है। सनातनी परिवारों में शुभ मुहूर्त में गन्ने की छाया में तुलसी माता



और भगवान शालिग्राम को बैठाकर विशेष पूजन किए जाने की परंपरा है।

भले ही देवउठनी ग्यारस से विवाहों की शुरुआत नहीं हो रही है, परंतु 21 नवम्बर से नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में शीतकालीन विवाह बरातों की शुरुआत हो रही है। जिसके लिए निमंत्रण पत्र वितरण भी शुरू हो गए है। पूर्व से निश्चित हुए संबंधों की तैयारी भी शुरू हो गई हैं विवाहों के लिए बैंड बाजे मैरिज गार्डन हलवाई की बुकिंग तेजी से हो रही है।

### लगी गन्ने की दुकान

◆ देवउठनी ग्यारस पर भगवान श्री हरि एवं माता तुलसी की पूजन में गन्ना फल वस्त्र चढ़ाने का विशेष महत्व है। एक-दो दिन से नगर के मुख्य मार्गों के किनारो पर ग्रामीण क्षेत्र से आए किसानों द्वारा गन्ने की दुकान लगाकर बेचा और लोगों द्वारा खरीदारी की जा रही है।

### रोगी कल्याण समिति जिला अस्पताल की बैठक में कलेक्टर बोले -

## कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने गंभीरता से करें काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति, जिला अस्पताल रायसेन की कार्यकारिणी सभा की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों, डॉक्टर्स से कहा कि शासकीय अस्पतालों में उपचार हेतु आने वाले मरीजों को त्वरित और बेहतर उपचार उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर नहीं किया जाए। निजी अस्पताल को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यदि मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर किया जाता है तो संबंधित कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

कलेक्टर ने सीएमएचओ तथा सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि विगत एक माह में कितने मरीजों को रेफर किया गया है तथा उन मरीजों के द्वारा कहां उपचार कराया गया है, इसकी रिपोर्ट बनाकर उपलब्ध कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में मातृ और शिशु स्वास्थ्य में सुधार हेतु अधिक काम करने की जरूरत है। आईएमआर और



एमएमआर की स्थिति को सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग का अमला ग्रामीण क्षेत्रों में संयुक्त भ्रमण की सर्वे करें। हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को डोर टू डोर चिन्हित कर नियमित जांच की जाए तथा फॉलोअप भी लिया जाएं। बच्चे के जन्म के बाद भी नियमित जांच की जाए। इसके अतिरिक्त जिले में कुपोषित बच्चों की जानकारी लेते हुए कहा कि इन बच्चों को कुपोषण की श्रेणी से बाहर निकालने के लिए सभी समन्वित रूप से काम करें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग की टीम डोर टू डोर सर्वे करेगी।

बैठक में सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल, अपर कलेक्टर, सीएमएचओ, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग सहित बीएमओ तथा परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्ट्रेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक का हुआ आयोजन

**रायसेन।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डे तथा डीएफओ प्रतिभा शुक्ला भी उपस्थित रहीं। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने गत बैठक में चिन्हित हॉट स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दिए गए निर्देशों के अनुरूप अभी तक की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर तथा एसपी पाण्डे ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने किए जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए कहा ओवरलोड तथा तेज गति से वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने वर्तमान वर्ष में अभी तक हुई सड़क दुर्घटनाओं की संख्या, इन दुर्घटनाओं में घायलों तथा मृतकों की जानकारी ली और दुर्घटना के कारणों पर चर्चा कर रोकथाम के लिए गंभीरतापूर्वक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए।